भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 109

उत्तर देने की तारीख 20.07.2026

सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीएमआर) के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण की स्थिति

109. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीएमआर) के अंतर्गत इसके प्रारंभ से आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' पहल के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप पर राष्ट्रीय मिशन के तहत मानचित्रण के लिए लक्षित गाँवों की कुल संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसके साथ ही अब तक मानचित्रित किए गए गाँवों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या का विशेषकर आंध्र प्रदेश में जिला-वार सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में एनएमसीएमआर के अंतर्गत मानचित्रित और पंजीकृत कलाकारों, शिल्पकारों, लोक कलाकारों और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों की संख्या का, कला रूपों और सांस्कृतिक परंपराओं सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या आंध्र प्रदेश के सभी गाँवों का सांस्कृतिक मानचित्रण पूरा हो चुका है और यदि नहीं, तो उसके लिए अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): वर्ष 2017 में आरंभ किया गया राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) केन्द्रीय क्षेत्र की एक स्कीम है। एनएमसीएम की शुरुआत से इसके अंतर्गत आवंटित बजट, जारी की गई निधियों और किए गए व्यय से संबंधित वर्ष-वार विवरण निम्नलिखित है:

वर्ष 2017-2026 की अवधि हेतु वर्ष-वार **बजट आवंटन** निम्नलिखित है:

2017-2018 –2000 लाख रुपए

2018-2019 –3000 लाख रुपए

2019-2020 –1278 लाख रुपए

2020-2021 –420 लाख रुपए

2021-2022 –412 लाख रुपए

2022-2023 –1913 लाख रुपए

2023-2024 –1982 लाख रुपए

2024-2025 –1806 लाख रुपए

2025-2026 –2246 लाख रुपए

वर्ष 2017-2026 की अवधि हेतु जारी की गई **निधियों** का विवरण निम्नलिखित है:

2017-2018 – 55.72 लाख रुपए

2018-2019 – 17.44 लाख रुपए

2019-2020 – 101.56 लाख रुपए

2020-2021 – 209.06 लाख रुपए

2021-2022 – 50 लाख रुपए

2022-2023 – 1884 लाख रुपए

2023-2024 – 1962 लाख रुपए

2024-2025 – 732.09 लाख रुपए

2025-2026 – 205.50 लाख रुपए

वर्ष 2021-2026 की अवधि हेतु **उपयोग की गई निधियों** का विवरण निम्नलिखित है:

2017-2018 –55.72 लाख रुपए

2018-2019 –17.44 लाख रुपए

2019-2020 –101.56 लाख रुपए

2020-2021 –209.06 लाख रुपए

2021-2022 –99.28 लाख रुपए

2022-2023 –1894.38 लाख रुपए

2023-2024 –1971.71 लाख रुपए

2024-2025 –738.79 लाख रुपए

2025-2026 –205.50 लाख रुपए

केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम के रूप में, एनएमसीएम राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी करने का प्रावधान नहीं करता है।

(ख): एमजीएमडी पहल के अंतर्गत, देश भर में सांस्कृतिक मानचित्रण के लिए 6,38,365 गांवों की पहचान की गई थी जिनमें से 6,34,425 गांवों के सांस्कृतिक मानचित्रण का कार्य पूरा कर लिया गया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है। आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है।

(ग): एमजीएमडी पोर्टल एक डिजिटल रिपॉजिटरी है जिसमें, जहां कहीं भी उपलब्ध हो, सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं, कला रूपों और सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों के संबंध में ग्राम-वार सूचना शामिल है। इस डेटा का रखरखाव ग्राम-वार किया जाता है न कि श्रेणी-वार। तदनुसार, कलाकारों, कारीगरों, लोक प्रस्तुतिकर्ताओं और अन्य सांस्कृतिक व्यावसायिकों से संबंधित समेकित जिला-वार डेटा का रखरखाव नहीं किया जाता है। तथापि, आंध्र प्रदेश में मानचित्रित कला रूपों, सांस्कृतिक परंपराओं और सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों की उदाहरण स्वरूप सूची **अनुलग्नक-III** पर दी गई है। कलाकारों या सांस्कृतिक व्यावसायिकों के पंजीकरण का कार्य एमजीएमडी के तहत नहीं किया जाता है।

(घ): आंध्र प्रदेश में मानचित्रण हेतु 17142 गांवों की पहचान की गई थी। इन सभी गांवों को कवर कर लिया गया है और इनका सांस्कृतिक डेटा जनता की सुलभ पहुंच हेतु एमजीएमडी वेब पोर्टल पर उपलब्ध है।

अनुलग्नक- I

'सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीएमआर) के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण की स्थिति' के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 109 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एमजीएमडी के तहत मानचित्रित गांवों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विभाजन

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लक्षित गांव	मानचित्रित गांव
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	176	176
आंध्र प्रदेश	17142	17142
अरुणाचल प्रदेश	4613	4613
असम	26074	26074
बिहार	41812	41472
चंडीगढ़	12	12
छत्तीसगढ़	20387	20121
दिल्ली	252	252
गोवा	431	431
गुजरात	19271	19271
हरियाणा	7579	7579
हिमाचल प्रदेश	18735	18735
जम्मू और कश्मीर	6926	6926
झारखंड	29908	29908
कर्नाटक	29569	29569
केरल	1702	1630
लद्दाख	238	238
लक्षद्वीप द्वीप समूह	13	13
मध्य प्रदेश	56429	56429
महाराष्ट्र	42757	42319
मणिपुर	306	306
मेघालय	7012	7012
मिजोरम	1026	1026
नागालैंड	1498	1498
ओडिशा	47308	47307
पुदुचेरी	127	127
पंजाब	12084	12084
राजस्थान	46744	46730
सिक्किम	464	464

तमिलनाडु	19219	19219
तेलंगाना	9824	9824
दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	107	107
त्रिपुरा	899	899
उत्तर प्रदेश	110878	108534
उत्तराखंड	15727	15727
पश्चिम बंगाल	41116	40651
कुल	638365	634425

अनुलग्नक-II

'सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीएमआर) के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण की स्थिति' के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 109 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एमजीएमडी पोर्टल पर आंध्र प्रदेश के मानचित्रित गांवों की संख्या का ज़िले-वार विभाजन*

क्र. सं.	**आंध्र प्रदेश के कवर किए गए जिले**	**एमजीएमडी पर मानचित्रित गांवों की संख्या**
1.	अनंतपुर	976
2.	चित्तूर	1515
3.	पूर्वी गोदावरी	1341
4.	गुंटूर	752
5.	कृष्णा	1023
6.	कुरनूल	942
7.	प्रकाशम	1108
8.	एसपीएसआर नेल्लोर	1215
9.	श्रीकाकुलम	1875
10.	विशाखापत्तनम	3398
11.	विझानगरम	1561
12.	पश्चिम गोदावरी	629
13.	वाईएसआर कडपा	807
	कुल	**17142**

*एमजीएमडी के अंतर्गत प्रलेखन वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार किया गया था और यह उस समय पर लागू प्रशासनिक प्रभागों को दर्शाता है।

अनुलग्नक-III

'सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीएमआर) के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण की स्थिति' के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 109 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश हेतु मानचित्रित कुछ कला रूप और सांस्कृतिक परंपराएं

क्र. सं.	कला रूप
1.	कुचिपुड़ी नृत्य
2.	त्रिगंधम काष्ठ-कला
3.	हथकरघा बुनाई
4.	थोलुबोम्मलता (छाया कठपुतली कला/चमड़े की कठपुतली कला)
5.	ढिमसा नृत्य (जनजातीय लोक नृत्य)
6.	बुर्रा कथा
7.	बांस की टोकरी बनाना
8.	कलमकारी (पारंपरिक वस्त्र कला)
9.	मछलीपट्टनम कलमकारी (ब्लॉक प्रिंटिंग)
10.	एडिसिंगे (भिति चित्र कला)
11।	जनपदकलालु (लोक कला)
12.	किल्लकुपोडु (पारंपरिक रीति-रिवाज)
13.	बंगारम्मा और चिंतालम्मा तल्ली महोत्सव (फसल उत्सव)
14.	प्रदोष व्रतम (अनुष्ठान पालन)
15.	शिवरात्रि रथ यात्रा

आंध्र प्रदेश हेतु मानचित्रित कुछ कलाकार/लोक प्रस्तुतिकर्ता/ सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकार

क्र. सं.	कलाकार / लोक कलाकार / सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकार
1.	वेम्पति चिन्ना सत्यम (कुचिपुड़ी)
2.	वेदांतम लक्ष्मी नारायण शास्त्री (कुचिपुड़ी)
3.	दलवई चलपति राव (थोलूबोम्मलता)
4.	क्षेत्रय्या (कुचिपुड़ी)
5.	जोन्नालगड्डा गुरप्पा चेट्टी/जे. गुरप्पा चेट्टी (कलमकारी)
6.	वेदांतम रत्तैया सरमा (कुचिपुड़ी)
7.	कोराडा नरसिम्हा राव (कुचिपुड़ी)
8.	पितचुका श्रीनिवास (मछलीपट्टनम कलमकारी)
9.	सावरा राजू (एडिसिंगे / भित्ति चित्र कला)
10.	दलवई चलपति राव थोलूबोम्मलता मंडली
11।	भारतीय सांस्कृतिक कला केंद्र (जनपद कलालु)
12.	अक्षय सांस्कृतिक और ग्रामीण विकास सोसायटी (लोक रंगमंच)
13.	पोरजा जनजातीय ढिमसा नृत्य मंडली (ढिमसा)
14.	नवरस थिएटर आर्ट्स एसोसिएशन (पारंपरिक रंगमंच)

*****